# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (23.06.2025)

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR DATE:23.06.2025, PAGE-06

### इस वर्ष 90 हजार छात्राओं और 68 हजार छात्रों ने किया आवेदन

# बीआरएबीयू : स्नातक करने में आगे हैं छात्राएं

हि विशेष

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरए बिहार विवि से स्नातक करने में छात्राएं आगे हैं। स्नातक में इस वर्ष नामांकन के लिए स्नातक में इस वर्ष नामांकन लिए एक लाख 59 हजार 181 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। इसमें 90 हजार 575 छात्राएं और 68600 छात्र शामिल हैं।

आवेदन की समीक्षा पाया गया है कि छात्राओं का ज्यादा आवेदन इतिहास और भाषा के विषयों में है तो छात्रों की रुचि राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र में है। इतिहास में 21 हजार 709 छात्राओं ने तो 20 हजार 372 छात्रों ने आवेदन किया है। इसी तरह हिंदी में 18 हजार 799 छात्राओं ने तो 8823 छात्रों ने आवेदन किया है। राजनीति विज्ञान में 4820 छात्राओं ने तो 7420 छात्रों ने आवेदन किए हैं। अर्थशास्त्र में 682 छात्राओं ने तो 1307 छात्रों के आवेदन आए हैं।

**चार साल से छात्राएं ज्यादा ले रही हैं दाखिला :** विवि सूत्रों ने बताया कि पिछले चार वर्षों से यही ट्रेंड चल रहा है। बीआरएबीयू में सत्र 2022-25 में 69 हजार 696 छात्राओं और 53 हजार 413 छात्रों ने दाखिला लिया था। सत्र 2023-27 में सीबीसीएस लागू होने के बाद यह संख्या और भी बढ़ गई। इस वर्ष 80 हजार 270 छात्राओं और 61 हजार 915 छात्रों ने स्नताक में दाखिला लिया। सत्र 2024-28 में 86 हजार 816 छात्राओं और 73 हजार 323 छात्रों ने दाखिला लिया।

**तस्वीर लड़की की और जेंडर में डाला अदर :** बीआरएबीयू में स्नातक में दाखिले के लिए आए छह आवेदनों पर पेच फंस गया है। इन आवेदनों में आवेदक छात्रा है और तस्वीर भी छात्रा की लगी है, लेकिन उसके जेंडर के आगे अदर लिखा हुआ है। आवेदन में जेंडर अदर लिखे जाने से विवि प्रशासन पशोपेश में है। विवि सूत्रों ने बताया कि सभी छह छात्राएं हिंदी और बॉटनी की हैं। इन छात्राओं के जेंडर की पहचान के लिए भौतिक सत्यापन कराने पर विचार किया जा रहा है।



- छात्राओं की इतिहास और छात्रों की रुचि राजनीति विज्ञान में ज्यादा
- इतिहास में 21709 छात्राओं ने और 20372 छात्रों ने किया आवेदन

### एमबीए से अधिक छात्राओं ने एमसीए करने में दिखाई रुचि

सामान्य स्नातक पाठ्यक्रम के अलावा वोकेशनल कोर्स में भी नामांकन के लिए आवेदन करने वालों में छात्राओं की संख्या अधिक है। वोकेशनल कोर्स में छात्राओं ने एमबीए से अधिक रुचि एमसीए में दाखिले में दिखाई है। एमबीएम में सिर्फ 31 छात्राओं ने दाखिले के लिए आवेदन किया है तो 58 छात्रों ने इस कोर्स के लिए आवेदन किया है। एमसीए में 54 छात्राओं ने आवेदन किया है तो 96 छात्रों ने। इस तरह योग की पढ़ाई में 52 छात्राओं ने तो 49 छात्रों ने आवेदन किया है।

**Ref:....................** **Date:..........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR

DATE: 23.06.2025, PAGE-04


विवि. वोकेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी

# 25 को तीन केंद्रों पर होगी परीक्षा 15 मिनट पूर्व ही बंद कर देंगे द्वार

- दो घंटे मे 50 प्रश्नों के देने हैं उत्तर, 37 सौ से अधिक छात्र होंगे परीक्षा मे शामिल

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू की ओर से विभिन्न कॉलेजों में संचालित वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए 25 जून को प्रवेश परीक्षा ली जायेगी. इसके लिए विवि ने एडमिट कार्ड जारी कर दिया. छात्र-छात्राएं वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे. तीन केंद्रों पर दोपहर एक से तीन बजे तक परीक्षा ली जायेगी.एलएस, आरबीबीएम व आरडीएस कॉलेज केंद्र पर दोपहर 11.50 से 12.45 तक रिपोर्टिंग टाइम है. इसके बाद मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा. एडमिट कार्ड के साथ अभ्यर्थियों को एक पहचान पत्र लेकर आना है. दो घंटे की परीक्षा में अभ्यर्थियों को 50 प्रश्नों का उत्तर देना होगा.प्रत्येक प्रश्न के लिए दो-दो अंक निर्धारित हैं.निगेटिव मार्किंग नहीं की जायेगी. दर्जन भर से अधिक वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए 37 सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है. सबसे अधिक आवेदन बीसीए कोर्स के लिए प्राप्त हुआ है.कई विषयों में आवेदन की संख्या दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सकी है. प्रवेश परीक्षा के बाद शीघ्र इसका परिणाम जारी किया जाएगा. वहीं मेधा सूची के आधार पर नामांकन की प्रक्रिया होगी. अगले महीने वोकेशनल कोर्स की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी.

**पहली बार हो रही है प्रवेश परीक्षा :** वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए पहली बार प्रवेश परीक्षा ली जा रही है. इससे पूर्व कॉलेज अपने स्तर से ही नामांकन लेते थे. इसबार विवि के पोर्टल पर केंद्रीकृत आवेदन लिया गया है. रिजल्ट जारी होने के बाद छात्रों की ओर से दिए गये विकल्प में से ही मेधा सूची के अनुसार कॉलेज आवंटित किया जायेगा.

## स्नातक द्वितीय वर्ष की विशेष प्रायोगिक परीक्षा आज से

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से सोमवार से स्नातक द्वितीय वर्ष की विशेष प्रायोगिक परीक्षा शुरू होगी. इसको लेकर पांच जिलों में 9 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं. 26 जून तक प्रायोगिक परीक्षा आयोजित होगी. इसके बाद तीन दिनों के भीतर कॉलेजों को अंक विवि को उपलब्ध कराना है. पहले मुजफ्फरपुर व शिवहर के संबद्ध कॉलेजों के गृह विज्ञान के विद्यार्थियों को छोड़ दिया गया था. इसमें सुधार कर फिर से पत्र जारी किया है.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए इसे स्कैन कर लें.

## बीआरएबीयू में कृपलानी चेयर की स्थापना की जायेगी

- भूमिहार-ब्राह्मण व ग्रियर भूमिहार ब्राह्मण कॉलेज मे अध्यापक रहे थे कृपलानी

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में जेबी कृपलानी चेयर की स्थापना की जायेगी. इसको लेकर विवि ने तैयारी शुरू कर दी है. नयी दिल्ली के कृपलानी मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव शीघ्र विवि के कुलपति से मिलकर चेयर की स्थापना को लेकर पहल करेंगे. चेयर की स्थापना के बाद कृपलानी पर विवि में शोध कार्य होंगे. लेक्चर आयोजित किये जाएंगे. इसको लेकर विवि को ग्रांट भी मिलेगा. कुलपति व ट्रस्ट के सचिव के बीच वार्ता के दौरान कृपलानी पर किए जाने वाले कार्यों की चर्चा की जायेगी.

### सिंधी अकादमी की मदद

दरअसल, नई दिल्ली के कृपलानी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से कृपलानी की किताबों का हिंदी अनुवाद व संपादन कराया है. ट्रस्ट की ओर से कृपलानी मेमोरियल लेक्चर भी आयोजित होता है. ऐसे में बैठक में बीआरएबीयू में कृपलानी चेयर की स्थापना और यहां कृपलानी से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देने की रूपरेखा तैयार की जाएगी. सिंधी अकादमी दिल्ली ने भी चेयर की स्थापना में सहयोग देने की बात कही है. बता दें कि कृपलानी चेयर की स्थापना को लेकर सीनेट से स्वीकृति मिल चुकी है. ऐसे में विश्वविद्यालय ने इसको लेकर पहल की है.

### बीबी और जीबीबी कॉलेज में व्याख्याता थे जेबी कृपलानी

जेबी कृपलानी जिन्हें बाद मे आचार्य कृपलानी के नाम से जाना गया, इनका मुजफ्फरपुर व विशेषकर बीबी और जीबीबी कॉलेज वर्तमान लंगट सिंह कॉलेज से विशेष जुड़ाव था. वे 1912 से 1917 तक यहां व्याख्याता रहे. आचार्य कृपलानी 1947 मे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे. ऐसे मे कृपलानी से जुड़े अनछुए पहलुओं पर शोध के लिए चेयर की स्थापना की जा रही है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK BHASKAR
MUZAFFARPUR
DATE:23.06.2025
PAGE-04


## स्नातक पार्ट 2 स्पेशल परीक्षा का प्रैक्टिकल आज से शुरू होगा

मुजफ्फरपुर | बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक पार्ट 2 स्पेशल परीक्षा का प्रैक्टिकल सोमवार से शुरू होगा। 5 जिलों के 9 परीक्षा केंद्रों पर सभी विषयों का प्रैक्टिकल 26 जून तक कराकर 3 दिनों में मार्क्स फाइल विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है। परीक्षा केंद्रों पर जिलेवार कॉलेजों को टैग किया गया है। हालांकि पहले मुजफ्फरपुर जिले के संबद्ध कॉलेजों के गृह विज्ञान के विद्यार्थियों साथ ही शिवहर जिले के कॉलेजों के सभी विद्यार्थियों को छोड़ दिया गया था, जिसे शामिल करते हुए संशोधित अधिसूचना जारी की गई है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. राम कुमार की ओर से प्रैक्टिकल की सूचना जारी करते हुए सभी संबंधित केंद्रों के प्राचार्यों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संबंधित विषयों के एक्सटर्नल की नियुक्ति करके परीक्षा कराने को कहा गया है। मुजफ्फरपुर में 3 केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा हाजीपुर में 2, सीतामढ़ी में 2, मोतिहारी व बेतिया में 1-1 केंद्र बनाए गए हैं। नीतीश्वर महाविद्यालय में जिले के सभी अंगीभूत कॉलेजों के विद्यार्थियों की फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉटनी, जूलॉजी, साइकोलॉजी व जियोग्राफी की परीक्षा होगी। सभी अंगीभूत व सबद्ध कॉलेजों लिए गृह विज्ञान का भी केंद्र बनाया गया है। सीतामढ़ी के आरएसएस साइंस कॉलेज में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉटनी, जूलॉजी व साइकोलॉजी और जेएलएनएम कॉलेज नवाही सुरसंड में जियोग्राफी व होम साइंस का केंद्र बनाया गया है। पहले यहां केवल सीतामढ़ी के कॉलेजों के विद्यार्थियों का केंद्र था, जिसमें संशोधन कर शिवहर के विद्यार्थियों को भी शामिल किया गया है।